हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 जून 2026



04 ट्रैफिक बेहालः इंदौर-भोपाल मार्ग बना जाम का अड्डा...





09 जनसुनवाई के बीच पानी की टंकी पर चढ़ी महिला...






## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि 15 तक

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति हेतु MPTAAS पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर दें। इसके साथ ही जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति का आवेदन कराएं।

### दल ने मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण

**सीहोर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन नियंत्रक के निर्देशानुसार भोपाल के संभागीय संयुक्त दल द्वारा सीहोर स्थित साकेत मेडिकल, बिजोरिया मेडिकल, बालाजी मेडिकल, हरिओम मेडिकल, विशाल मेडिकल, बादशाह मेडिकल, प्रिंस मेडिकल और मुस्कान मेडिकल सहित अनेक मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय बीजकों की जांच की गई और औषधियों के नमूने लिए गए।

### सीहोर में रोजगार मेला 09 को होगा आयोजित

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 09 जून को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार जिला व्यापार उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित कर नये प्रकरण तैयार किये जाएंगे। आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जाएगा।

### धोखाधड़ी के मामले में हो कार्यवाहीः गुजराती

**सीहोर।** 3 जून को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर मांग की है कि सीहोर विधानसभा क्षेत्र के किसान भाइयों के साथ गेहूं खरीदी के नाम पर हुई धोखाधड़ी के मामले में तत्काल एवं सख्त कार्रवाई की जावे। किसानों की मेहनत की कमाई लेकर फरार हुए आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित किसान भाइयों को उनका बकाया भुगतान दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। किसानों ने अपनी उपज बेचकर भुगतान की उम्मीद की थी, लेकिन भुगतान न मिलने से वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। श्री गुजराती द्वारा पुलिस प्रशासन से यह भी आग्रह किया गया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को न्याय मिल सके और भविष्य में किसी भी भोले-भाले किसान के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी दोबारा न हो। किसानों के हितों की रक्षा और उनकी मेहनत की कमाई सुरक्षित दिलाना प्राथमिकता है।

## पार्वती परियोजना में पानी भरने की प्लानिंग का हो रहा विरोध

# डैम में पानी स्टोरेज की तैयारी, किसानों की बढ़ी चिंता, डूबेंगे कई रास्ते व मंदिर

### 1815 करोड़ की योजना 2022 से है तैयार, वैकल्पिक रास्ते और विस्थापन का काम अब भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हरिभूमि एक्सक्लूसिव

नरसिंहगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी पार्वती (रेसई) परियोजना डेम में पानी भरने की तैयारी ने सीहोर जिले के सीमावर्ती गांवों के किसानों और ग्रामीणों की धडक़नें बढ़ा दी हैं। यह वृहद सिंचाई परियोजना वैसे तो वर्ष 2022 में ही पूरी हो चुकी है, लेकिन प्रभावित ग्रामीणों को अब तक वैकल्पिक रास्ता न दिए जाने और विस्थापन की प्रक्रिया अधूरी होने के कारण विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि बिना पूरी तैयारी के पानी रोकना उनके हक पर चोट करने जैसा है। इस संवेदनशील मामले को लेकर जल संसाधन विभाग नरसिंहगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि विभाग अभी केवल 6 मीटर (सेफ लेवल) तक ही पानी भरने की योजना बना रहा है। पानी को फिलहाल नदी के दायरे के भीतर ही सीमित रखा जाएगा। अधिकारी का दावा है कि जब तक प्रभावित किसानों के लिए वैकल्पिक रास्तों का पक्का इंतजाम नहीं हो जाता, तब तक पानी को बाहर नहीं निकलने दिया जाएगा। केवल 6 मीटर पानी भरने से मंदिरों और किसानों को खेतों तक जाने में कोई व्यावहारिक परेशानी नहीं आएगी।

#### दावाः 6 मीटर पानी से भी बंद होंगे 50-60 खेतों के मार्ग

दूसरी ओर नरसिंहगढ़ विभाग के इन दावों को सीहोर के प्रभावित किसान पूरी तरह खारिज कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि महज 6 मीटर पानी भरने से ही चांदबड़ जागीर, महुआखेड़ा और मगरदीखुर्द के करीब 50 से 60 किसानों के खेतों तक पहुंचने वाले रास्ते जलमग्न हो जाएंगे। इसके अलावा मानपुरा, रावतखेड़ा, आछारोही, मरेठी, भैरुपुरा और चरनाल के खेतों के पहुंच मार्ग भी बंद होने की कगार पर हैं। ग्रामीणों ने एक गंभीर विसंगति की ओर इशारा करते हुए बताया कि मगरदीखुर्द गांव जो कि तकनीकी रूप से डूब क्षेत्र से बाहर है, वहां भी पानी भराव के बाद आवागमन पूरी तरह ठप हो जाएगा। इस रास्ते का सर्वे तो पूरा हो चुका है, लेकिन प्रशासन ने नया रास्ता अब तक बनाकर नहीं दिया है।

#### चार प्रमुख मंदिर और विस्थापितों का मुआवजा अधर में

परियोजना के इस जलभराव की जद में क्षेत्र की धार्मिक आस्था के केंद्र भी आ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार चांदबड़ जागीर का प्रसिद्ध हनुमान मंदिर, पार्वती नदी ग्वालगढ़ स्थित हनुमान मंदिर, महुआखेड़ा का हनुमान मंदिर और रावतखेड़ा का श्रीराम मंदिर 6 मीटर पानी भरते ही डूब क्षेत्र में आ जाएंगे, जिनका मुआवजा अब तक नहीं दिया गया है। इसके अतिरिक्त जो किसान पूर्ण रूप से विस्थापित हो रहे हैं, उन्हें वर्तमान तक मकान और आईडी की राशि प्राप्त नहीं हुई है और न ही उन्हें नए भूखंड प्लॉट आवंटित किए गए हैं। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक यह मूलभूत कार्य पूर्ण नहीं होते, तब तक डेम में पानी रोकने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए। इस गंभीर समस्या को लेकर अब ग्रामीण जल्द ही विधायक सुदेश राय व कलेक्टर बालागुरू के. से मिलकर इस समस्या से अवगत कराएंगे।

#### एक नजर मेंपार्वती परियोजना

यह परियोजना मध्य प्रदेश के सीहोर और राजगढ़ जिलों के लिए एक महत्वपूर्ण जल आपूर्ति योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य 48,000 हेक्टेयर कृषि भूमि को पाइप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से रबी फसलों गेहूं, चना, तिलहन के लिए पानी देना है।

- कुल लागत : 1815 .54 करोड़
- जल ग्रहण क्षेत्र : 3150 वर्ग किलोमीटर
- कुल डूब क्षेत्र : 3041.36 हेक्टेयर (जिसमें सीहोर जिले की 901.53 हेक्टेयर निजी भूमि शामिल है)
- प्रभावित गांव : कुल 41 गांव प्रभावित हैं। इनमें राजगढ़ के 2 और सीहोर श्यामपुर तहसील के 2 गांव पूर्ण डूब में हैं, जबकि राजगढ़ के 19 और सीहोर के 18 गांव आंशिक रूप से डूब के दायरे में आते हैं।
- लाभार्थी क्षेत्र : ब्यावरा, नरसिंहगढ़, पचोर, सीहोर और भोपाल का बेरसिया क्षेत्र।

## 11 केव्ही लाइन के तार चुराने वाले 4 शातिर चोर गिरफ्तार

### 5.80 लाख का माल बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र में बिजली के तार चोरी करने वाले एक शातिर गैंग का पर्दाफाश करते हुए इछावर थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए बिजली के तार और वारदात में इस्तेमाल की गई एक पिकअप गाड़ी जब्त की है। बरामद किए गए कुल सामान की कीमत करीब 5 लाख 80 हजार रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, फरियादी विदुर दुबे निवासी इछावर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 16 और 17 मई की रात को अज्ञात चोरों ने आर्या उपकेन्द्र से निकलने वाली 11 केव्ही लाइन के कीमती तार काट कर चोरी कर लिए हैं। बिजली के तारों की इस बड़ी चोरी को गंभीरता से लेते हुए एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी भेरूंदा रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में इछावर थाना प्रभारी पंकज वाडेकर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।मामले को सुलझाने के लिए पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास से तकनीकी साक्ष्य साइबर सेल की मदद से जुटाए और अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी दौरान पुलिस को पुख्ता सूचना मिली, जिसके आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पुलिसिया पूछताछ के आगे आरोपी ज्यादा देर टिक नहीं सके और उन्होंने तार चोरी करने का जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का माल बरामद कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है।गिरफ्तार किए आरोपियों में नजरूद्दीन पिता फिरोज खां, नि- सलेहपुर, थाना अहमदपुर, नूरुद्दीन उर्फ गुड्डू पिता फिरोज खां, नि- सलेहपुर, थाना अहमदपुर इमरान पिता बाबू खा, नि- सांकल, थाना अहमदपुरजाहिद पिता बकील खां, नि- सलेहपुर, थाना अहमदपुर है।19 गाले के बिजली के तार कीमत लगभग 80,000, घटना में प्रयुक्त महिंद्रा पिकअप वाहन कीमत लगभग 5,00,000 कुल जप्त सामान 5,80,000 है। चोरी का पर्दाफाश करने और आरोपियों को दबोचने में इछावर थाना प्रभारी पंकज वाडेकर व टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## सट्टा कारोबार पर पुलिस का शिकंजा ताबड़तोड़ कार्रवाई से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

मंगलवार को पुलिस ने सट्टा कारोबार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए कई ठिकानों पर एक साथ दबिश दी पुलिस की इस कार्रवाई से सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा पर्चियां,पेन एवं नकदी जब्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में अवैध रूप से सट्टा संचालित किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं नगर के विभिन्न स्थानों पर सट्टा कारोबार संचालित होने से युवाओं और आम नागरिकों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और सूचना की पुष्टि होने के बाद योजनाबद्ध तरीके से छापामार कार्रवाई कीमंगलवार को पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन लोगों को सट्टा लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा आरोपियों के कब्जे से करीब 7 हजार 500 रुपये नकद, सट्टा पर्चियां तथा सट्टा संचालन में प्रयुक्त सामाग्री बरामद की गई पुलिस ने जब्त सामाग्री को कब्जे में लेकर आरोपियों के विरुद्ध सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया हैस्थानीय नागरिकों के अनुसार नगर में पिछले कुछ समय से बाहरी व्यक्तियों द्वारा भी सट्टा कारोबार संचालित किए जाने की चर्चाएं थीं पुलिस कार्रवाई के बाद ऐसे तत्वों में भी भय का माहौल देखा जा रहा है थाना प्रभारी उप निरीक्षक संदीप जाट ने बताया कि अवैध गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस लगातार अभियान चला रही है सट्टा कारोबार की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई है तथा भविष्य में भी ऐसे कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## संविदा कर्मचारी हड़ताल पर, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रही। जिले के संविदा कर्मचारियों ने नियमित कार्यों का बहिष्कार कर टाउन हाल के समक्ष धरना दिया। हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ रहा है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई जरूरी सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने हड़ताल के दूसरे दिन हाथ में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान चलाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान शासन के खिलाफ जमकर नारे भी लगाए। करीब 502 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एक साथ हड़ताल की है। जिससे करीब 176 से अधिक केन्द्र में अव्यवस्था हो गई है। कर्मचारियों के अनुसार, हड़ताल की वजह से एएनसी पंजीयन, टीकाकरण, जन्म प्रमाण पत्र जारी करने और ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के संचालन पर भी असर पड़ा है। हड़ताल के कारण एनसीडी, टीबी, हाइपरटेंशन और डायबिटीज से पीड़ति मरीजों को नियमित दवाइयां मिलने में कठिनाई हो रही है। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन से जुड़े मामलों के निराकरण का कार्य भी प्रभावित बताया जा रहा है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उनकी मांगों पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो राजधानी भोपाल में प्रदर्शन किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि मांगों के निराकरण में देरी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के निर्देशन में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग द्वारा सोशल मीडिया वॉरियर एक कैंपेन जारी किया गया। जिसको लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय सीहोर में बुधवार, जून को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

जिसमें विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सोशल मीडिया विभाग प्रज्ञा फिलिप्स प्रभारी सीहोर उपस्थित रहीं। प्रज्ञा फिलिप्स ने उपस्थित पत्रकारबन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं, जागरूक नागरिकों एवं सोशल मीडिया पर सक्रिय प्रभावशाली व्यक्तियों (इन्फ्लुएंसर्स) को संगठन से जोडऩे के उद्देश्य से एक व्यापक एवं महत्वाकांक्षी अभियान 'सोशल मीडिया वॉरियर्स का शुभारंभ किया गया है।

इस अभियान के तहत प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर पर सोशल मीडिया वॉरियर्स का चयन किया जाएगा। सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया अभियान का मुख्य उद्देश्य संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था रखने वाले मध्य प्रदेश के नागरिकों को कांग्रेस की विचारधारा से जोडऩा तथा वर्तमान राजनीतिक संघर्ष में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस पहल के माध्यम से युवाओं को कांग्रेस संगठन से जुडऩे का सरल, पारदर्शी एवं सहज अवसर प्रदान किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत समाज के विभिन्न रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े राइटर्स, डिज़ाइनर्स, वीडियो एडिटर्स, कार्टूनिस्ट, कवि, लेखक, ब्लॉगर्स, मोटिवेशनल स्पीकर्स, सोशल वर्कर्स तथा मनोरंजन जगत से जुड़े लोक कलाकारों को भी कांग्रेस की विचारधारा के साथ जोडऩे का प्रयास किया जाएगा। संगठन में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से देश एवं प्रदेश हित में कार्य करने के इच्छुक सभी नागरिकों को इसमें समान अवसर मिलेगा।

### बरसात से पहले नालियों की सफाई, सरपंच ने की कचरा न फेंकने की अपील

**सीहोर।** मानसून से पहले ग्राम पंचायत श्यामपुर में नालियों की सफाई का अभियान तेज कर दिया गया है। क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय की मंशानुरूप और जनपद पंचायत सीहोर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नमिता बघेल के मार्गदर्शन में सरपंच नवीन चौहान के नेतृत्व में जेसीबी से गांव की नालियों से गाद और कचरा निकाला जा रहा है। चित्र में साफ दिख रहा है कि नालियों से भारी मात्रा में प्लास्टिक, पन्नी और कचरा निकला है। सरपंच नवीन चौहान ने ग्रामीणों से अपील की कि बरसात में नालियां जाम न हों इसके लिए घर का कचरा, पन्नी, प्लास्टिक आदि नालियों में न फेंकें। ग्राम पंचायत द्वारा गांव में निरंतर कचरा वाहन चलाया जा रहा है। घर-घर से कचरा उठाकर उसी में डालें, जिससे गांव स्वच्छ रहे और जलभराव की समस्या न हो। इस संबंध में ग्राम पंचायत भवन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरपंच नवीन चौहान, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समस्त पंचगण, सचिव मुकेश पाटीदार रोजगार सहायक संतोष मालवीय सहित नागरिक मौजूद रहे। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भी चर्चा की गई और बरसात से पहले नाली-नालों की सफाई, जल संरक्षण पर जोर दिया। सरपंच ने कहा कि विधायक और सीईओ नमिता बघेल के निर्देश पर स्वच्छता अभियान निरंतर चलेगा।

### नवीन तहसील परिसर को सुंदर बगीचे में किया तब्दील

## सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी ने कार्यालय को बनाया सुंदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सेवानिवृत्ति के बाद कार्यालय को हरा-भरा और खुशनुमा बनाने का यह प्रयास बेहद सराहनीय है, पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति भी लाते हैं।

ऐसा ही प्रयास करीब 2018 में सेवानिवृत्त हुए रईस भाई मंसूरी का है। जिन्होंने राजस्व निरीक्षक धीरेन्द्र वर्मा के सहयोग से नवीन तहसील परिसर अपने अथक प्रयास से परिसर को इतनी भीषण गर्मी में कार्यालय परिसर मे अति सुंदर गार्डन विकसित किया, रईस मंसूरी सेवा निवृत है पर अपना अधिकांश समय बगीचे को सुंदर बनाने में देते है। उनके कार्य की हर तरफ तरीफ हो रही है।

उनका कहना है कि वह पुरानी तहसील में भी पौधा रोपण आदि समय-समय पर करते आ रहे है, अब पुरानी तहसील के पास जबसे नवीन तहसील का निर्माण किया गया है, वह कुछ समय निकालकर अपने खर्च पर यहां पर पौधा रोपण आदि गतिविधि करते है, उनके लगाए पौधे और फूल आदि यहां पर आने वाले लोगों को सुकून प्रदान कर रहे है। श्री मंसूरी ने कहाकि पहले सरकारी नौकरी के माध्यम से समाज की सेवा की। अब तन मन से पेड़-पौधों की सेवा कर रहे हैं।

## 6 सगी बहनों ने कलेक्टर से शौचालय मांगा, बोलीं- पापा नहीं जुटा पा रहे पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अमलाहा से पहुंची 6 सगी बहनों ने कलेक्टर से शौचालय की मांग की है। सभी बहने खुले में शौच जाने से परेशान हो चुकी है। बहनों ने बताया कि मां का देहांत हो चुका है। पिता बकरी चराने का काम करते है। सात सालों से खेत या फिर जंगल में शौच जा रहे है।

आवेदन दिया पर पंचायत ने शौचालय के लिए पैसा नहीं दिया। अमलाहा ग्राम पंचायत कागजों में ओडीएफ घोषित हो चुकी है लेकिन हकीकत कुछ अलग है गांव में खुले में शौच जारी है। गांव की 6 बहनों को शर्म आ गई है पर सरपंच सचिव बेशर्म बने हुए है। कलेक्ट्रेट पहुंची रोशनी, मुशकान, दिक्षा, वैष्णवी, बंता बंसिका ने बताया की खुले में शौच जाने में डर लगता है जंगल में बारिश के समय काफी दिक्कतों का सामना करना होता है कीचड़ हो जाता है सांप कीड़े मकोड़े डराते है। पापा बकरी चराते है शौचालय बनाने के लिए आजतक पैसा ही नहीं जुटा पाए।

खबर संक्षेप

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने किया धरना प्रदर्शन

**सीहोर।** ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में किया धरना प्रदर्शन। इधर दोराहा तहसील की कार्यकर्ताओं ने वेतन काटने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका महासंघ जिलाध्यक्ष उषा राठौर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मांगे पूरी नहीं होने पर नारेबाजी कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। तहसील दोराहा और सीहोर ग्रामीण जिला सीहोर की आंगनवाड़ी कार्यकर्तार्ओ का महा अप्रैल का मानदेय कटौत्रा दोराहा में 1500 हुआ सीहोर ग्रामीण में 3000 जो शीघ्र से शीघ्र दिलवाने की मांग की गई है। महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओ के द्वारा जायज मांगो को लेकर संघर्ष किया जा रहा है। पिछले 50 वर्षो से शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारने का कार्य आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहायिकाऐं कर रही है। आम नागरिकों के जन्म से लेकर मृत्यु तक की सभी योजनाए विना इनके सहयोग के पूर्ण नहीं होती है। जनगणना, जनसुनवाई, लाडली बहना योजना, मतदाता पुनरिक्षण, बीएलओ, फायलेरिया, मलेरिया, मच्छरदानी वितरण, शौचालय सर्वे, किसी भी एनजीओ का सहयोग करना ग्रामसभा, सभी कल्याणकारी योजना मे कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाता है। सहयोग न करने पर पद से पृथक करने की धमकी भी दी जाती है। मानदेय में भी काटोत्री की जाती है इस तरह वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जाता है। महासंघ जिलाध्यक्ष उषा राठौर ने बताया कि न्यूनतम पेंशन कम से कम 5000 रुपये दी दिए जाने। केंद्रीय कर्मचारियों की तरह रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष करने, मानदेय में जो पचास प्रतिशत का अंतर है उसको कम करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

अतिक्रमण, बेतरतीब पार्किंग और भारी वाहनों से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

# ट्रैफिक बेहाल: इंदौर-भोपाल मार्ग बना जाम का अड्डा, रहवासी व चालक परेशान



सड़क किनारे खड़े चार पहिया वाहन फल-सब्जी के ठेले और दुकानों के बाहर तक फैला अतिक्रमण यातायात को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर की ट्रैफिक व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर दिन में कई बार लगने वाला जाम अब आम समस्या बन चुका है। सड़क किनारे खड़े चार पहिया वाहन, फल-सब्जी के ठेले और दुकानों के बाहर तक फैला अतिक्रमण यातायात को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि राहगीरों, मरीजों और व्यापारियों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है, वहीं कई बार एम्बुलेंस जैसे जरूरी वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। नगर के बीचों-बीच स्थित इस मुख्य मार्ग पर सुबह से शाम तक वाहनों का भारी दबाव बना रहता है।

लेकिन अव्यवस्थित पार्किंग और ठेलों के कब्जे के कारण सड़क संकरी हो गई है। दुकानदारों द्वारा सामान सड़क तक फैलाने और फल-सब्जी विक्रेताओं द्वारा एक पूरी पट्टी घेर लेने से आवागमन मुश्किल हो जाता है। इसके साथ ही बाजार क्षेत्र में बेतरतीब खड़े चार पहिया वाहन स्थिति को और गंभीर बना देते हैं। स्थिति को और जटिल कृषि उपज से जुड़ी व्यवस्थाएं बना रही हैं। खरीदी मंडी परिसर में व्यवस्था होने के बावजूद ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को शहर के बीच स्थित मिलों तक लाया जा रहा है, जिससे मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ रही है। इससे बार-बार जाम की स्थिति बनती है और यातायात बाधित होता है।



### मंगलवार को बिगड़े हालात पुलिस ने संभाला मोर्चा

मंगलवार को एक बार फिर मुख्य मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के खड़े होने से लंबा जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं और लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी घनश्याम दांगी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेकर यातायात व्यवस्था संभाली। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सड़क पर खड़ी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए फल-सब्जी विक्रेताओं पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। वैकल्पिक व्यवस्था होने के बावजूद मुख्य मार्ग पर ठेले लगाए जा रहे हैं, जिससे समस्या बनी रहती है।

### नप की तैयारी, लेकिन अमल बाकी

नगर परिषद सीएमओ राम प्रसाद भावरे के अनुसार सब्जी और फल मंडी का निर्माण पूरा हो चुका है और आगामी बैठक में दुकानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि ठेला विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक स्थान तय किया गया है, लेकिन इसके बावजूद वे मुख्य मार्ग पर ही व्यवसाय कर रहे हैं। परिषद द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही सभी को मंडी में स्थानांतरित किया जाएगा।

### स्थायी समाधान की मांग तेज

नगरवासियों का कहना है कि केवल मौके की कार्रवाई से समस्या का हल नहीं होगा। मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने, व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने, ठेला विक्रेताओं के लिए अलग स्थान तय करने और भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने जैसे ठोस कदम उठाना जरूरी है। अन्यथा इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर जाम और अव्यवस्था की स्थिति यूं ही बनी रहेगी।

## महिला महासम्मेलन और योग सेमिनार आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हंसध्वनि सभागार, रवींद्र भवन में पतंजलि महिला योग समिति, मध्य प्रदेश द्वारा भव्य महिला महासम्मेलन एवं योग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के आशीर्वचनों के साथ हुआ। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सीहोर महिला पतंजली प्रभारी वर्षा शर्मा ने बताया की करीब 50 की संख्या मे सीहोर से इस कार्यक्रम मे उपस्तिथि भाई बहनो मे मुख्य रूप से प्रेमलता राठौर सावित्री बरेठा, पूजा जरोलिया, ब्रजेश पराशर, रश्मि शर्मा, शामिल थे।

प्रदेश के 30 जिलों से आए महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों से खचाखच भरे सभागार को संबोधित करते हुए स्वामी जी ने पतंजलि महिला योग समिति के कार्यों की सराहना की तथा सभी को गुरूनिष्ठ एवं राष्ट्रनिष्ठ होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साध्वी डॉ. देवप्रिया, मुख्य केंद्रीय प्रभारी, पतंजलि महिला योग समिति ने "मनुष्य के सर्वांगीण विकास में योग की भूमिका" विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि योग मनुष्य के जीवन के सभी आयामों शरीर, मन, इंद्रियों एवं आत्मा पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। महिलाओं को परिवार की धुरी बताते हुए उन्होंने कहा कि योग महिलाओं की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता में वृद्धि करता है तथा वे संस्कारित एवं श्रेष्ठ पीढ़ी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. एन. पी. सिंह ने अपने उद्बोधन में भारतीय शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम तथा वर्तमान शिक्षा प्रणाली की तुलना करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपनी स्वदेशी शिक्षा प्रणाली पर गंभीरता से विचार करें, जिससे वेद, उपनिषद, गीता और रामायण में निहित जीवन मूल्यों तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समावेश किया जा सके। इस अवसर पर कार्यक्रम की आयोजक एवं पतंजलि महिला योग समिति राज्य प्रभारी डॉ. पुष्पांजली ने कहा कि आज का दिन अत्यंत सौभाग्य का दिन है, जब योग से जुड़ी अनेक पवित्र आत्माएं झीलों की नगरी भोपाल में एकत्रित हुई हैं। इस अवसर पर डॉ. श्रीप्रकाश आर्य, प्रधान मध्यभारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा तथा हरिद्वार से पधारी साध्वी देव अदिति जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में हुई प्रतियोगिता

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर बुधवार को मध्यप्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग के पिताश्री स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, मधुर विजयवर्गीय, मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, अताउल्ला खान, मनोज अहिरवार, विपिन पवार, अरुण राठौर, दीपक गुरवाणी, सुयश कन्नोजिया, विशाल अहिरवार, कमल यादव आदि शामिल थे। बुधवार की शाम को जूनियर और सीनियर वर्ग के अंतर्गत दो मुकाबले खेले गए। इसमें जूनियर वर्ग में सीहोर बाइज ने डीएसवाय को 1-0 और सीनियर वर्ग में सीहोर चिल्ड्रन ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया।

## एलपीजी पर जीएसटी कम करे सरकार: नितिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



पेट्रोल और डीजल पर 'वैट' कम करके केंद्र और राज्य सरकारों ने आम जनता को राहत दी है, लेकिन कमर्शियल एलपीजी गैस पर 18 प्रतिशत जीएसटी का बड़ा असर छोटे व्यापारियों और रिक्शा चालकों पर पड़ रहा है। इस कर को तत्काल कम किया जाए, इस मांग को लेकर 'ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन' की ओर से प्रधानमंत्री कार्यालय, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कानून मंत्रालय और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को एक बार फिर 'स्मरण पत्र' भेजा गया है। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन सोलंके ने इस संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 28 मार्च और 9 मई 2026 को भी इस विषय पर विस्तृत ज्ञापन दिया गया था। तभी गरीबों के घर का चूल्हा जलता रहेगा। पत्र में कहा गया है कि, पहले 55 से 60 रुपये प्रति लीटर मिलने वाली गैस अब 100 से 110 रुपये तक पहुंच गई है। उस पर भी 18% का भारी जीएसटी होने के कारण निम्नलिखित वर्गों का जीवन कठिन हो गया है। छोटे होटल, रेस्तरां संचालक और स्ट्रीट फूड (ठेला) विक्रेताओं का आर्थिक बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। **रिक्शा चालक संकट में:** एलपीजी से चलने वाले ऑटो-रिक्शा चालकों के लिए इस महंगी गैस के कारण दैनिक आजीविका चलाना कठिन हो गया है और उनके रोजगार पर संकट उत्पन्न हो गया है। कमर्शियल गैस महंगी होने से होटलों में भोजन और परिवहन सेवाएं महंगी हो गई हैं, जिसका अंतिम भार मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है। गैस की कीमतें किफायती होने पर ही इन छोटे कामगारों और गरीबों के घर का चूल्हा जलता रहेगा। जमीनी स्तर से जुड़े इस वर्ग को राहत मिलने पर देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी, ऐसा विश्वास फाउंडेशन के अध्यक्ष नितिन सोलंके ने व्यक्त किया है।तत्काल निर्णय की अपेक्षाजिस प्रकार ईंधन के दाम कम करके जनता को राहत दी गई, उसी प्रकार कमर्शियल एलपीजी पर 18% जीएसटी दर में तत्काल कटौती की जाए, ऐसी मांग फाउंडेशन ने की है।

## सरकार खेत बचाओ चलाने से पहले किसानों को बचाने का चलाए अभियान: विक्रम मस्ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



प्रदेश में खेत बचाओ अभियान को लेकर सियासत तेज हो गई है। विपक्ष ने इस अभियान की मंशा और प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए सरकार को किसानों के वास्तविक मुद्दों पर घेरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं बुधनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा "हनुमान" ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि "खेत बचाओ" से पहले किसानों को बचाने की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर किसानों के खेतों को किससे बचाने की जरूरत पड़ रही है। यदि सरकार सच में खेत बचाना चाहती है तो पहले उन किसानों को न्याय दिलाया जाए जिनकी पुश्तैनी जमीनें विभिन्न परियोजनाओं और भूमि अधिग्रहण के नाम पर कम दामों में ले ली गईं। आज भी कई किसान अपने मुआवजे के लिए भटक रहे हैं और आर्थिक संकट में जीवन जीने को मजबूर हैं।

विक्रम मस्ताल शर्मा ने आरोप लगाया कि किसानों को कई मोर्चों पर शोषण का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेतों को भूमि माफियाओं, नकली खाद-बीज बेचने वाली कंपनियों और बिचौलियों से बचाने की जरूरत है, जो किसानों की मेहनत की कमाई पर चोट कर रहे हैं। महंगे दामों पर घटिया सामग्री देकर किसानों की फसल और भविष्य दोनों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व स्वयं देश के कृषि मंत्री कर रहे हैं, वहीं किसानों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। हाल ही में गेहूं उपार्जन के दौरान हजारों किसानों को तुलाई में देरी, स्लॉट बुकिंग और सर्वर की समस्याओं से जूझना पड़ा।

कई किसानों की उपज समय पर नहीं बिक सकी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। मूंग खरीदी को लेकर भी उन्होंने सरकार पर सवाल उठाए। विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि किसानों को नारों और अभियानों की नहीं, बल्कि ठोस समाधान की जरूरत है।

समय पर खाद-बीज, सिंचाई सुविधा, समर्थन मूल्य पर खरीदी और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अंत में कहा कि किसान देश की रीढ़ है और यदि किसान मजबूत होगा तभी प्रदेश और देश मजबूत होगा। सरकार को चाहिए कि वह घोषणाओं और प्रचार से आगे बढ़कर जमीन पर परिणाम दिखाए।

## जनसुनवाई में भंवरा की बेटियों ने मांगा न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भंवरा की नौ बेटियों ने प्रशासन से न्याय मांगा। बेटियों का कहना था,कि पहले ही पिता को जेल भेज दिया और कच्चा घर तोड़कर हमें भी बेघर कर दिया। भूमि पर कब्जा करने के लिए माता पिता पर अत्याचार किया गया। मदद किसी ने नहीं की सभी ने दलित होने पर त्रिस्कार किया। अब गांव के दबंग हमें रोज तंग कर रहे।

पूरा मामला आष्टा तहसील के ग्राम भंवरा का है। यह प्रशासन ने बीते दिनों दलित परिवार के घर को अतिक्रमण बताकर बुल्डोजर चलाकर तोड़ दिया है। कार्रवाही के बाद पूरा परिवार संकट में आ गया है। कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में ममता के साथ पहुंची नेहा, निकिता, विरा, सोनम, रंजना, अंजली,संध्या, पिंसा ने बताया कि पूरे गांव में अतिक्रमण है केवल हमारा ही घर तोड़ा गया है। गांव के सरपंच कहते हैं कि यह निजी जमीन है सरकारी अधिकारी भूमि को शासकीय बताते है गांव वाले इस भूमि को ममता रमेश की बताते है। हम बीते पचास सालों से कच्चे घर में रह थे। जमीन हडपने के लिए विरोधियों ने पिता को झूठे केस में जेल भिजवा दिया है। पिता के नहीं होने पर हमारा जीवन दुश्वार हो गया है। माता खेतों में काम कर हमें पालती है। घर नहीं होने पर हम बेघर हो गए है। बिना पूर्व सूचना के प्रशासन ने सरपंच के कहने पर हमें बेघर कर दिया है।

जेसीबी लेकर पहुंचे तहसीलदार और पुलिस ने हमारे साथ डंडों से मारपीट की है। मोबाइल छीन लिये गये है। घर में रखा गेहू गांव के लोगो में बंटवा दिया है। दबंग लोग घर की महिला सदस्यो को गांव में नग्न कर जूलूस निकालने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस कोई कार्रवाई नही कर रही है।

## किसान संघ ने बैठक में आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




भारतीय किसान संघ ने कृषि उपज मंडी परिसर में मासिक बैठक का आयोजन किया। इसमें संघ के सदस्यों ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा की।बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। मुख्य रूप से बिजली संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। किसानों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी एस.ई. कार्यालय और बिजली वितरण कंपनी, आष्टा को आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ है।

चर्च मैदान पर स्व. रामेश्वरदयाल मिश्रा की स्मृति में हुई फुटबॉल प्रतियोगिता

# मुकाबले में सीहोर क्लब ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के चर्च मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पिता श्री स्व. रामेश्वरदयाल मिश्रा की स्मृति में स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार की शाम को इसके अंतर्गत दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीहोर क्लब ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया। इसमें सीहोर क्लब की ओर से धुरव-पुष्पा ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर बाइज और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की टीम 3-1 से विजय रही। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया और मनोज दीक्षित मामा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहला मुकाबला एमजी क्लब और सीहोर क्लब के मध्य खेला गया था। इस मैच में सीहोर क्लब की टीम 2-0 से विजय रही। इसमें सीहोर क्लब की ओर से धुरप-पुष्पा ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा वहीं एक अन्य मुकाबला भी एक तरफा रहा। इसमें सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 3-1 से हराया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की ओर से रोहित, युवराज और आदित्य ने एक-एक गोल किया। इधर सीहोर चिल्ड्रन की ओर से अनुज ने एक मात्र गोल किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में करीब 12 टीमों को शामिल किया जाएगा। इसमें करीब 150 से अधिक अंडर-10 से लेकर अंडर-12 तक के पंजीकृत खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। इसको लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने एक समिति का गठन किया है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर गत दिनों जिला फुटबाल एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय और मनोज दीक्षित मामा को प्रतियोगिता का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कोच के रूप में बालिका वर्ग के लिए मधु राघव, ज्योति गौर, आयुषी पंसारी के अलावा बालक वर्ग के लिए सीनियर कोच मनोज कन्नोजिया, विपिन पवार, मनोज अहिरवार और विजेन्द्र परमार आदि को शामिल किया गया।

## शिविर में रक्तदाताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अटल हॉस्पिटल, गंगाश्रम में विशाल रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों व विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों का जिला चिकित्सालय सीहोर के ब्लड बैंक द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। रक्तदाताओं को मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के इस पुनीत कार्य के लिए सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया और लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकता है। रक्तदान से न केवल मरीजों को नया जीवन मिलता है, बल्कि समाज में मानवता और सेवा की भावना भी मजबूत होती है। शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों के प्रति आयोजन समिति ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### मौके पर लोगों की जमा हुई भीड़, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किए वायरल


# जनसुनवाई के बीच पानी की टंकी पर चढ़ी महिला, पुलिस-प्रशासन में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक महिला पुलिस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए शहर स्थित ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गई। जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित रोजड़ खुर्द गांव निवासी महिला द्वारा किए गए इस विरोध प्रदर्शन ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब कलेक्टर और पुलिस प्रशासन की जनसुनवाई चल रही थी, उसी दौरान तेज धूप और गर्मी के बीच महिला अचानक पानी की बड़ी टंकी पर चढ़ गई। महिला धीरे-धीरे टंकी के अंतिम हिस्से तक पहुंच गई और वहां से ही जोर-जोर से अपनी बात रखने लगी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कई लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

#### महिला को सुरक्षित नीचे उतारा

सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और स्थानीय अमला मौके पर पहुंचा। काफी देर तक समझाइश, बातचीत और भरोसा दिलाने के बाद महिला को सुरक्षित नीचे उतारा गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सांसें भी अटकी रहीं, क्योंकि जरा सी चूक बड़ा हादसा बन सकती थी। महिला ने पुलिस अधिकारियों के सामने आरोप लगाया कि वह कई दिनों से थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने अपने पति, देवर और जेठ पर प्रताड़ना, मारपीट और गलत व्यवहार करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। महिला का कहना था कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट होती है और शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया।



#### नियमानुसार कार्रवाई करेंगे

महिला की शिकायत और आरोप के आधार पर हम पूरी जांच कर रहे हैं। जांच के आधार पर जो भी सही होगा हम नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। फिलहाल पूरी जांच कर रहे हैं।

-मंजू मखेनिया, टीआई, कोतवाली, राजगढ़

#### समझा बुझाकर उतारा लोगों की तलाश शुरू

घटना के बाद महिला को पुलिस अधीक्षक कार्यालय ले जाया गया, जहां अधिकारियों ने उसकी शिकायत सुनी। सूत्रों के अनुसार, कोतवाली पुलिस ने तत्काल संबंधित गांव में पुलिस बल रवाना कर संबंधित लोगों की तलाश शुरू कर दी थी।

#### पत्र में आरोप

इधर...गांव के एक व्यक्ति ने चौकीदार और गांव के पटेल के माध्यम से एक परिवार तक कथित तौर पर एक पत्र पहुंचाया, जिसमें आरोप लगाया गया कि परिवार का युवक उसकी पत्नी को लेकर चला गया है। पत्र में कथित रूप से बड़ी रकम की मांग और भविष्य में होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी तय करने जैसी बातें लिखी गई थीं। ग्रामीणों के अनुसार, पहले कृषि पाइपलाइन और खेतों में नुकसान पहुंचाने की घटनाएं हुईं। इसके बाद आगजनी की घटनाएं शुरू हो गईं। सोमवार रात गांव के एक किसान के करीब 11 बीघा खेत से जुड़े भूसे के ढेर में आग लगने की घटना सामने आई। आग में खेत की टपरिया और अन्य कृषि सामग्री भी जलकर राख हो गई। इससे पहले भी गांव के दूसरे किसान के भूसे में आग लगने की शिकायत सामने आई थी।

#### टंकी पर चढ़कर महिला ने लगाए ये आरोप

- कई दिनों से शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप
- पति, देवर और जेठ पर प्रताड़ना और मारपीट के आरोप
- पुलिस और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग
- विरोध के दौरान कहा अब मेरी कोई नहीं सुन रहा

#### मुख्य बातें...

- कथित पत्र के जरिए एक परिवार पर गंभीर आरोप लगाए गए
- बड़ी रकम मांगने और नुकसान की चेतावनी का दावा
- शिकायत के बाद दर्ज हुआ मामला
- इसके बाद बढ़ीं तनाव और झगड़े की घटनाएं
- लगातार आगजनी से सहमे ग्रामीण
- खेतों में रखे भूसे के ढेर जलने की घटनाएं
- कृषि सामग्री और टपरियों को नुकसान
- ग्रामीणों का रात में पहरा देने का दावा
- पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू की

### हादसे में महिला गंभीर घायल

## हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे ट्रेंचिंग ग्राउंड के समीप एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला और एक ठेकेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया।

सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। यहां मजदूरी कर रही रेखाबाई पति विष्णु (32) निवासी किठौर तथा ठेकेदार जगदीश पिता प्रेमनारायण निवासी सारंगपुर मंगलवार दोपहर भोजन करने के लिए बाइक से शहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शाजापुर की ओर से बायपास मार्ग पर आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी-07-जेडवी-5201 ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के सामने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। रेखाबाई के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया, जबकि जगदीश का उपचार सारंगपुर सिविल अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार में चालक सहित दो महिलाएं और एक बच्चा सवार थे। हादसे के बाद चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने से वहां मौजूद करीब 65 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला वाहन की चपेट में आकर मामूली रूप से घायल हो गई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना के बाद कुछ समय तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण कार की तेज रफ्तार माना जा रहा है।

## पुरुषोत्तम मास के अवसर पर द्वारिकाधीश हवेली में हुआ भव्य नौका विहार मनोरथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के स्थित कुलमीपुरा मोहल्ला द्वारिकाधीश हवेली में श्रद्धा और भक्ति के साथ नौका विहार मनोरथ का आयोजन किया गया। इस विशेष धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर ठाकुरजी के दर्शन एवं मनोरथ का लाभ लेने पहुंचे हवेली में श्रद्धालुओं द्वारा यमुना जी का सुंदर स्वरूप सजाया गया तथा नौका का निर्माण कर भगवान द्वारिकाधीश को नौका विहार कराया गया आकर्षक सजावट और भक्तिमय वातावरण के बीच ठाकुरजी की मनोहारी झांकी ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के समक्ष सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। आयोजन के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला धार्मिक आयोजन के अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पुरुषोत्तम मास में आयोजित इस नौका विहार मनोरथ ने भक्तों को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई।

### पं. सुरेश बिहारी नागर ने कहा...

## ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र में समस्त देवी-देवताओं का वास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपस्थ ग्राम जैतपुरा कलां में चल रही श्रीमद भागवत कथा में प्रथम दिवस पंडित सुरेश बिहारी नागर ने व्यास पीठ से बताया कि भागवत कथा श्रवण से पाप संकट से मुक्ति मिलती है, भागवत कथा के माध्यम से ऊं नमो भगवते वासुदेवाय का सम्पूर्ण भावार्थ बताते हुए कहा कि इस मंत्र में ही सम्पूर्ण याने तेंतीस कोड़ी देवी देवताओं का जाप हो जाता है।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा को गणेश जी ने लिखा है जिसको लिखने पर सामने आया कि कथा तो लिख गई लेकिन इसमें श्रोता कथा वाचक ओर किसे श्रवण करवाई जाये तब यह कथा शुक्र देव जी ने राजा परीक्षित को सुनाई जिससे राजा परीक्षित का मोक्ष हुआ। वैसे भागवत कथा सुनने का पहला अधिकारी कोन वह जो बिना बुलाए कथा सुनता है। भागवत कथा ब्राह्मण से शुरू होकर ब्राह्मण पर ही विश्राम होता है, आत्म देव नामक ब्राह्मण से कथा कि शुरुआत होकर विश्राम सुदामा नामक ब्राह्मण पर होता है। कथा आयोजक सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश गुप्ता जेतपुरा वाले हैं जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त कथा श्रवण कर रहे हैं।

### यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्णय

## डामरीकरण कार्य के चलते बसों के लिए अस्थायी ठहराव स्थल निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नवीन बस स्टैंड पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) के अंतर्गत डामरीकरण कार्य प्रारंभ होने के कारण नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मार्गों पर संचालित बसों के लिए अस्थायी ठहराव स्थल निर्धारित किए हैं। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने नवीन बस स्टैंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि डामरीकरण कार्य पूर्ण होने तक बसों का संचालन अस्थायी रूप से निर्धारित स्थानों से किया जाएगा। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार इंदौर मार्ग की बसें कल्पना रेस्टोरेंट के समीप स्थित चार्टर्ड ऑफिस के पास रुकेंगी। वहीं ब्यावरा मार्ग की बसों का ठहराव जैदी टिम्बर मर्चेंट (कुटिया रेस्टोरेंट) के समीप रहेगा। आगर-शुजालपुर मार्ग की बसों के लिए थाना परिसर के समीप स्थित रिक्त भूमि को अस्थायी बस स्टॉप बनाया गया है। संडावता मार्ग की बसों के लिए पाडल्या रोड पर ठहराव की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा शाजापुर लोकल मार्ग पर संचालित छोटे यात्री वाहनों के लिए राजीव गांधी पार्क (पेट्रोल पंप) के समीप स्थान निर्धारित किया गया है। नगर पालिका द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे बसों के आवागमन के लिए निर्धारित अस्थायी स्थलों का उपयोग करें तथा डामरीकरण कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें। यह व्यवस्था बस स्टैंड के डामरीकरण कार्य पूर्ण होने तक प्रभावी रहेगी।



## शासकीय भूमि पर मैदा फैक्ट्री के पास से हटाया पक्का मकान एवं बाउंड्रीवॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के जीरापुर-पचोर रोड स्थित शासकीय महाविद्यालय के सामने एक फैक्ट्री परिसर में अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चला, जिसमे दो मंजिला पक्का मकान और बाउंड्री बाल को ध्वस्त किया गया! प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार आनंदस्वरूप पिता पुरुषोत्तमदास मुंदडा की पचोर-जीरापुर रोड शासकीय महाविद्यालय के सामने स्थित फैक्ट्री परिसर में 2.626 सर्वे क्रमांक 1520/2/1 रकबा 0.268 हेक्टेयर पर अतिक्रमण 1600 वर्ग मीटर दो मंजिला भवन 400 वर्ग मीटर छोटा भवन रिक्त भूमि बाउंड्री वॉल बिना प्रशासनिक अनुमति के सरकारी भूमि पर बनाए गए थे! जिसे प्रशासन ने पूर्व में भी शासकीय प्रकिया के मुताबिक सूचना देकर अतिक्रमण हटाने के लिए लिखा था लेकिन अतिक्रमण कर्ता द्वारा नहीं हटाया गया।

तब पुनः सुचित कर मंगलवार की सुबह लगभग 9:30 बजे पुलिस बल प्रशासनिक राजस्व एवं नगर परिषद का अमला की मौजूदगी में यह कार्रवाई की जिसमें बुलडोजर चलाकर पूरे अवैध ढांचे को जमींदोज कर दिया गया! इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकिता जैन, तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी, थाना प्रभारी होकम सिंह मीणा, पटवारी जगदीश चौहान, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।



## फार्मर आईडी पंजीयन शिविर में किसानों ने दिखाई रुचि

### 820 किसानों की आईडी बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासन के निर्देशानुसार किसानों के लिए फार्मर आईडी बनाने के अभियान को गति देने हेतु कस्बा स्तर पर विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एसडीएम रोहित बम्होरे के निर्देश एवं तहसीलदार आकाश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन कस्बा पटवारी शहजाद मंसूरी द्वारा किया गया। पटवारी शहजाद मंसूरी ने बताया कि क्षेत्र में कुल 1200 खाताधारक किसानों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से अब तक 820 किसानों की फार्मर आईडी सफलतापूर्वक बनाई जा चुकी है।

शेष किसानों की आईडी बनाने की प्रक्रिया भी लगातार जारी है। शिविर में किसानों को फार्मर आईडी के महत्व, इसके लाभों तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभों की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि जिन किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर अपना पंजीयन करवाएं। फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों को भविष्य में मिलने वाली सरकारी योजनाओं, अनुदान एवं अन्य सुविधाओं का लाभ अधिक पारदर्शी और सरल तरीके से प्राप्त हो सकेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए राजस्व विभाग का अमला लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।




### वैदिक मंत्रों से गूंज रहा क्षेत्र, समापन पर होगा वृक्षारोपण

## चाटक्या में चल रहा 9वां पंच कुण्डात्मक रुद्र यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता का संगम ग्राम चाटक्या में देखने को मिल रहा है, जहां 30 मई से 5 जून 2026 तक 9वां सप्त दिवसीय पंच कुण्डात्मक रुद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

यज्ञ का शुभारंभ 30 मई, शनिवार को हैमाद्रि, श्री गणपति पूजन और पंचांग पूजन के साथ हुआ। उसी दिन से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भी हुआ। यज्ञ का समापन 5 जून, शुक्रवार को भव्य गंगा शोभा यात्रा, भागवत विराम और वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ होगा। उल्लेखनीय है कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है।




कथा का रसपान कराने के लिए वृंदावन से पधारे पं. दीपक जी उपाध्याय व्यासपीठ को सुशोभित कर रहे हैं। वहीं यज्ञाचार्य के रूप में आचार्य पं. रमेशचन्द्र नागर, सद्गुरु आश्रम, पीपलहेला वैदिक अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं। आयोजन समिति के कैलाश नागर उपाध्याजक्ष जनपद सारंगपुंर, सरपंच दुर्गाप्रसाद नागर ने बताया कि ग्राम चाटक्या, पाटक्या, मेहरी मोटी और भीलखेड़ा के समस्त ग्रामवासी यज्ञ की तैयारियों में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि समापन दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए यज्ञ स्थल एवं ग्राम में सामूहिक वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## आज निकलेगी भगवान श्रीराम की दिव्य बारात, भक्तों से शामिल होने का आह्वान

**नरसिंहगढ़।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के मंदिर श्री सत्यनारायण जी में आयोजित भव्य श्री संगीतमय श्रीराम कथा एवं पुरुषोत्तम महात्म्य के अंतर्गत 4 जून को भगवान श्रीराम की दिव्य बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



आयोजन समिति के अनुसार दोपहर 3 बजे से श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा, जिसके पश्चात सायं 4:30 बजे भगवान श्रीराम की बरात मंदिर श्री सत्यनारायण जी परिसर से प्रस्थान करेगी। बरात में भगवान श्रीराम के स्वरूप, भजन-कीर्तन, झांकियां एवं धार्मिक उत्साह का विशेष आकर्षण रहेगा। आयोजकों ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की यह दिव्य बरात भक्तों के लिए आध्यात्मिक आनंद, भक्ति और पुण्य प्राप्ति का विशेष अवसर है। इस अवसर पर नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है। पुरुषोत्तम मास में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है। आयोजन समिति ने सभी भक्तों से परिवार सहित शामिल होकर भगवान श्रीराम के मंगलमय स्वरूप के दर्शन करने तथा भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण इस उत्सव का पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### अपराधों पर लगेगी रोक गोपनीय रहेगी पहचान

**सीहोर।** वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं संरक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वन विभाग ने 'गुप्तचर ऐप' विकसित किया है। 'गुप्तचर ऐप' से स्थानीय नागरिक स्वयं को 'गुप्तचर' के रूप में पंजीकृत कर वन संरक्षण अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। ऐप की पंजीकरण प्रक्रिया सरल, सहज और यूजर फ्रैंडली बनाई गई है। इससे अधिक से अधिक ग्रामीण ऐप से आसानी से जुड़ सकेंगे। पंजीकरण के साथ ही प्रत्येक उपयोगकर्ता को एक विशिष्ट गुप्तचर आईडी प्रदान की जाती है, जिससे उसकी पहचान पूर्णतः गोपनीय बनी रहती है। ऐप' एक प्रभावी, पारदर्शी और सहभागी तंत्र के रूप में वन संरक्षण के प्रयासों को मजबूत करेगा तथा प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा में स्थानीय समुदाय की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा। यह ऐप विशेष रूप से दक्षिण सिवनी वनमंडल के अंतर्गत वन क्षेत्रों के आसपास निवास करने वाले ग्रामीणों की वन सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तैयार किया है। वन संरक्षण के इस जन-अभियान से जुड़ने के लिए गुप्तचर ऐप डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप के माध्यम से पंजीकृत गुप्तचर वन अपराधों से संबंधित सूचनाएं तत्काल वन विभाग तक पहुंचा सकते हैं। रिपोर्टिंग प्रक्रिया को आसान और प्रभावी बनाने के लिए ऐप में एक सुव्यवस्थित ड्रॉप-डाउन सूची उपलब्ध कराई गई है, जिसमें अवैध वृक्ष कटाई, वन्यजीव शिकार, अतिक्रमण, आगजनी और अन्य वन अपराधों की श्रेणियां शामिल हैं।

### मंडी में 16061 क्विंटल की आवक दर्ज

**आष्टा।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को कुल आवक 16061 क्विंटल की रही। इस दौरान गेहूं सुजाता 3269 से 4950, गेहूं लोकवन 466 से 2977, गेहूं पूर्णा 2490 से 2779, गेहूं मालवराज 2368 से 2489, गेहूं मिल 2135 से 2490, चना काटा 4300 से 5911, चना मौसमी 5570 से 7400, चना सफेद 5750 से 8205, चना काटकू 5506 से 6405, सोयाबीन पीला 4090 से 9501, राई 6750 से 7021, मसूर 2020 से 7271, मक्का 1801 से 2000, मूंग 6590 से 6850, आमचूर 5263 से 5435, रुपये प्रति क्विंटल नीलाम हुआ। वहीं फल सब्जी मंडी में प्याज 155 से 1526, लहसुन 2800 से 14110, रुपये प्रति क्विंटल नीलाम हुआ, कुल आवक 949 क्विंटल रही।

### अहमदपुर क्षेत्र के दुरगांव के रावत वेयर हाउस का मामला

# गड़बड़झाला: समर्थन मूल्य खरीदी बंद फिर भी वेयरहाउस में गुपचुप उतर रहा था गेहूं

### सोशल मीडिया पर तेजी से वीडियो वायरल, प्रशासन पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर

मध्य प्रदेश में रबी उपार्जन के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की समय-सीमा पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। नियमतः तुलाई बंद होते ही केंद्रों का स्टॉक फ्रीज कर चाबियां वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के सुपुर्द हो जानी चाहिए थीं, लेकिन सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दुरगांव स्थित रावत वेयरहाउस से सामने आई एक तस्वीर ने पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें खरीदी बंद होने के बाद भी रात के अंधेरे में वेयरहाउस के अंदर गेहूं की बोरियां शिफ्ट की जा रही हैं। ग्रामीणों द्वारा बनाए गए इस वायरल वीडियो के बाद जिले के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हडक़ंप मच गया है। सूत्रों और चर्चाओं के अनुसार लगभग 1200 बोरी गेहूं कहीं दूसरी जगह अवैध रूप से डंप करके रखा गया था, जिसे तुलाई बंद होने के बाद अब वेयरहाउस में खपाने के लिए गुपचुप तरीके से शिफ्ट किया जा रहा था। बड़ा सवाल यह है कि यदि नियमानुसार भौतिक सत्यापन होता तो वेयरहाउस में स्टॉक कम निकलता। यही वजह है कि स्टॉक को मैनेज करने के लिए यह पूरा खेल रचा गया।



### जब तुलाई बंद तो खुला कैसे वेयरहाउस

इस पूरे मामले में वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन और खाद्य विभाग के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। क्षेत्र के किसानों और अन्य वेयरहाउस संचालकों ने इस पर नाराजगी जताते हुए कुछ बुनियादी सवाल उठाए हैं।

**पहला सवाल:** जब सरकारी खरीदी और तुलाई की अंतिम तारीख खत्म हो चुकी है तो वेयरहाउस का ताला किसकी अनुमति से खुला।

**दूसरा सवाल:** खरीदी बंद होने के तुरंत बाद वेयरहाउस की चाबियां कॉरपोरेशन के पास जमा हो जाती हैं तो फिर प्राइवेट गाडियां अंदर कैसे पहुंची।

**तीसरा सवाल:** क्या नियम और कायदे सिर्फ आम और गरीब किसानों के लिए हैं। क्या रसूख के आगे सारे सरकारी आदेश बौने साबित हो रहे हैं।

### वेयरहाउस संचालकों में भारी आक्रोश

इस वेयरहाउस में हुए वीआईपी ट्रीटमेंट और गड़बड़झाले से जिले के अन्य वेयरहाउस संचालकों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रशासन एक तरफ तो छोटे व्यापारियों और किसानों पर नियमों का डंडा चलाता है वहीं दूसरी तरफ रसूखदारों को अवैध रूप से माल अंदर करने की खुली छूट दी जा रही है। यदि इस मामले की बारीकी से निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे।

### मामला संज्ञान में आया है, जांच कराएंगे

दुर्ग गांव के रावत वेयरहाउस का वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से हमारे संज्ञान में आया है। तुलाई बंद होने के बाद किसी भी प्रकार का माल शिफ्ट करना नियमों के खिलाफ है। इस पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**आकाश चंदेल, जिला उपार्जन अधिकारी सीहोर**




### समर्थन खरीदी पर एक नजर

- कुल पंजीकृत किसान: 1 लाख 02 हजार 485
- स्लॉट बुकिंग: 92,337 किसान
- 27 मई तक कुल खरीदी: 7 लाख 45 हजार टन गेहूं
- कुल खरीदी मूल्य: 1826 करोड़ रुपये
- अब तक किया गया भुगतान: 1495 करोड़ रुपये
- शेष बकाया भुगतान: 331 करोड़ रुपये
- खरीदी केंद्र: 240 केंद्र

# विधायक ने जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आष्टा

विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में ग्राम ग्वाला का दिव्यांग युवक बिक्रमसिंह पिता हरिसिंह पहुचा एवं विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को अपनी पीड़ा बताई की उसका घर कच्चा है,बारिश में उसके घर मे पानी घुस जाता है,बारिश से बचाव के लिये उसके घर के बहार चार चद्दरों का एक शेड लगवा दीजिये मेरी समस्या का निदान हो जायेगा। अपनी समस्या का मांग पत्र पीड़ति ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को सौपा। विधायक ने जनसुनवाई में आये ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना।

स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है । आज बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये । आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है । जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं,मांगो का जल्द निराकरण होगा। जनसुनवाई में कजलास में खेत से गंदे पानी की निकासी हेनु नाली निर्माण कराने,ग्राम पंचायत बोरखेड़ा में मुरमीकरण कार्य, भूपोड में ट्रांसफार्मर स्थापित कराने ,जीवापुर महोड़िया में सी सी रोड़ निर्माण, दुधारू गाय को सांप के काटने पर मृत्यु हो जाने से मुआवजा राशि प्रदाय कराने, किलेरामा फतेहपुर के माता मंदिर में टीन शेड निर्माण, बमूलिया खीची में भेरू महाराज रास्ते पर मुरमीकरण कराने, धुराड़ाकलॉ व समीपस्त गाँवों को नर्मदा पाईप लाईन से लिंक कराने,धुराड़ाकलॉ में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पानी की टंकी टयूबेल खनन कराने, ग्राम बोरखेड़ा में जल हेतु पानी का टेंकर देने,स्वास्थ्य खराब होने पर उपचार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान कराने,कु. साक्षी ठाकुर को रोजगार सहायक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान कराने,ग्राम शोभाखेड़ी में मुरमीकरण कराने,अरनिया गाजी में 24 घंटा वाला ट्रांसफार्मर स्थापित कराने,लाड़ली बहना योजना में बंद हुई राशि को पुनः प्रदाय कराने,कान्याखेड़ी डेम के डूब क्षेत्र में आये ग्राम फुडरा के मकानों का पुनः सर्वे करवाने,जावर में विद्युत पोल एवं तोर लगवाने,ग्राम टिगरिया में नवीन बोर खनन करवाने, ग्राम हरनिया गाँव से बायपास रोड़ स्वीकृत कराने,ग्राम चामसी में बैरागी समाज धर्मशाल निर्माण हेतु स्थान आवंटन कराने, मांगलिक भवन हेतु टीन शेड,सेवदा अ.जा. मोहल्ला मे नाले कपा नाला निर्माण, मंदिर के पास पेवर्स ब्लॉक लगवाने आदि के आवेदन दिए।

# विश्व साइकिल दिवस पर युवाओं ने फिटनेस पर्यावरण संरक्षण व नई उमंग का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर




खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार माय भारत सीहोर एवं हिताय संस्था द्वारा विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर युवाओं में स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यूथ साइकिलिंग इवेंट आयोजित किया गया। माय भारत सीहोर की उप निदेशक सुश्री निक्की राठौर ने बताया कि यह साइकिल रैली सीहोर के भोपाल नाका से शुरू हुई और शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए चर्च ग्राउंड पर संपन्न हुई। साइकिलिंग इवेंट में सुबह की सुनहरी किरणों के साथ फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और नई उमंग का संदेश देते हुए बड़ी संख्या में युवा एक साथ साइकिल के पैडल मारते नजर आए। समापन अवसर पर हिताय संस्था के उमेश पंसारी द्वारा सभी प्रतिभागियों और नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी ऊर्जावान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। रैली में कर्णप्रिया तिवारी, हरिओम चंद्रवंशी सहित कॉलेज के विद्यार्थियों, एनजीओ के सदस्यों और नागरिकों ने सहभागिता की।

### भाजपा नगर मंडल ने श्रद्धांजलि दी

**सीहोर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र राठौर के निधन पर भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में लीसा टाकीज चौराहे विधायक कार्यालय में शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अलावा क्षेत्रवासियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनको नमन किया।

### खाद वितरण प्रणाली में बदलाव कर किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध कराए सरकार: बड़ोदिया

**सीहोर।** अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय सचिव विनोद बडोदिया ने हाल ही लागू ई टोकन खाद वितरण प्रणाली में बदलाव को लेकर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के सामने मांग रखी है। बयान जारी कर उन्होंने मांग की है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर में लागू की टोकन खाद वितरण प्रणाली के कारण आज किसान परेशान है। मानसून नजदीक है और किसान अपने खेतों को तैयार करने में जुट गए हैं, पहली बारिश के साथ ही किसानों को खेतों में बोवनी के बाद खाद की आवश्यकता होगी। लेकिन किसानों को ई टोकन खाद वितरण प्रणाली के कारण समय पर खाद नही मिल पा रहा है। सरकार द्वारा आश्वासन और प्रचारित किया गया था कि ऑनलाइन व्यवस्था में किसानों को घर बैठे खाद मिलेगी लेकिन आज किसान खाद गोदाम के सामने घण्टो धूप में भूखे प्यासे खाद के लिए लाईन में खड़ा है। ऑनलाइन व्यवस्था में कभी सर्वर डाउन रहता है तो कभी ओटीपी की समस्या, तो कभी केन्द्र पर कर्मचारी समय पर नही आते। वह निजी दुकानों से भी खाद नही ले सकता, यह व्यवस्था लागू कर किसानों को सरकार ने उल्टा मुसीबत में डाल दिया है। इस ऑनलाइन व्यवस्था में फार्मर आईडी की अनिवार्यता की गई है जबकि हकीकत बात यह है कि क्षेत्र में अधिकांश किसानों की फॉर्मर आईडी बनी ही नही है। वैसे ही क्षेत्र के किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, समय पर खाद नही मिलने के असर उत्पादन और किसान की आय पर भी पड़ेगा। कहा कि देश की अर्थव्यवस्था चलाने वाले किसानों की स्थिति आज दयनीय है। अब बोवनी का समय आ चुका है जबकि ई टोकन व्यवस्था पूरी तरह फेल साबित हो रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन 6 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर

श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज, सीहोर द्वारा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग एवं उत्प्रेरण से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 4 से 6 जून तक विश्वविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष का विषय प्रकृति से प्रेरित, जलवायु और हमारे भविष्य के लिए रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन कुलगुरु प्रो. (डॉ.) मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन तथा डॉ. राजेश शर्मा (कुलसचिव),डॉ. संजय राठौर (परीक्षा नियंत्रक) के संरक्षण में किया जा रहा है। समन्वयक डॉ. रंजीत कुमार पुसे तथा सह-समन्वयक डॉ. गीता खूबचंदानी एवं देश दीपक श्रीवास एवं अंकित नवगीत जोशी हैं। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर, चित्रकला, भाषण, मॉडल निर्माण तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें पर्यावरण संरक्षण पर लघु फिल्म प्रदर्शन, पर्यावरण क्लब का गठन, पर्यावरण जागरूकता रैली, वृक्षारोपण, नुक्कड़ नाटक, स्मार्ट जल संरक्षण, वर्टिकल गार्डनिंग आदि का आयोजन होगा।

# भंवरी कला में भागवत कथा सप्ताह यज्ञ संपन्न चल समारोह के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जावर

भंवरी कला जावर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर ग्राम भंवरी कला में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह यज्ञ रविवार को निर्विघ्न संपन्न हुआ। कथा के समापन दिवस पर श्री राम मंदिर प्रांगण से भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों एवं श्री राम-श्री कृष्ण के जयकारों के साथ निकला चल समारोह ग्राम के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः श्री राम मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुआ।



शोभायात्रा में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए, ध्वज-पताका लहराते हुए बड़े उत्साह से शामिल हुए। श्री राम मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से हवन-पूर्णाहुति की गई। इसके पश्चात विशाल महाप्रसाद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। 27 मई से 2 जून तक चली इस कथा का वाचन किशोरी वैष्णव ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों व दानदाताओं का सराहनीय सहयोग रहा।

